प्रवेश पूर्व योग्यता परीक्षा (PAET-2011)
(आई.टी.आई. प्रमाणपत्र धारकों के लिए)
दिशा निर्देश

1. **प्रवेश पूर्व योग्यता परीक्षा (PAET-2011) :**

आई.टी.आई. प्रमाण पत्र धारकों के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश पूर्व योग्यता परीक्षा (PAET-2011), पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए योग्यता निर्धारण करने वाली परीक्षा है। केवल PAET-2011 उत्तीर्ण करने मात्र से ही इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में अभ्यर्थी का प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो जाता है। PAET-2011 हेतु आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को डिप्लोमा के प्रवेश के नियम एवं नियमनों का अध्ययन कर लेना चाहिए। पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत प्रवेश के मुख्य नियम एवं नियमन परिशिष्ठ 1 में वर्णित है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत नियम एवं नियमन डिप्लोमा में **प्रवेश के समय जारी किये जाने वाले आवेदन प्रपत्र** में उल्लेखित होंगे।
प्रवेश पूर्व योग्यता परीक्षा PAET-2011 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अर्हताओं (eligibility) को धारित करने पर ही पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन करने के योग्य होंगे।

2. **PAET-2011 के लिए आवेदन प्रपत्र कुलक :**

परीक्षा आवेदन प्रपत्र कुलक को निम्नानुसार संकलित किया गया है –

2.1 **आवेदन प्रपत्र** : आवेदन प्रपत्र ओ.एम.आर. शीट के रूप में है जिसे अभ्यर्थी स्वयं की हस्तलिपि में काले रंग की स्याही वाले बॉल पाइन्ट पेन से भरेंगे। (गोले काले करने के लिए H.B. पेन्सिल उपयोग में लायें) ओ.एम.आर. शीट को किसी भी अवस्था में न मोड़े, न ही इस पर किसी प्रकार की पिन लगावें।

2.2 **सूचना पुस्तिका** : सूचना पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए निर्देश एवं पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण दिए गये हैं। अभ्यर्थी को आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व सूचना पुस्तिका का सावधानी पूर्वक अध्ययन करके उसके बिन्दुओं, पाठ्यक्रम का विवरण एवं परीक्षा योजना के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए एवं तद्नुसार परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस पुस्तिका को अभ्यर्थी अपने उपयोग के लिए रख लेंगे।

2.3 **बड़ा लिफाफा** : पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र (ओ.एम.आर. शीट) एवं सभी वांछित संलग्नक इस लिफाफे में रखकर **समन्वयक, PAET-2011 प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, W-6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342032** को रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट के द्वारा प्रेषित करना होगा (कूरियर सेवा से प्रेषित नहीं करें)। आवेदन प्रपत्र के लिफाफे को PAET-2011 कार्यालय के स्वागत कक्ष में रखे हुए बक्से में भी डाला जा सकता है। आवेदन प्रपत्र किसी भी अवस्था में कार्यालय के किसी व्यक्ति को सुपुर्द नहीं करें।

3. **PAET-2011 के लिए पात्रता का आधार :**

<u>दसवीं कक्षा उत्तीर्ण</u> ऐसे अभ्यर्थी जो –
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान, जोधपुर के प्रशासनिक नियन्त्रण वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से परिशिष्ठ 1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में से किसी एक व्यवसाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हों।

अथवा

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान ,जोधपुर के प्रशासनिक नियन्त्रण वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों मे सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के अन्तर्गत परिशिष्ठ 1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में किसी एक में बी.बी.बी.टी. में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हों।

अथवा

परिशिष्ठ–1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में से किसी एक से सम्बन्धित व्यवसाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र धारक जिनकी परीक्षा प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित की गई हो।

नोट : परिशिष्ठ 1 में दिए गए व्यवसायों के योग्य अभ्यर्थी ही PAET-2011 में आवेदन करने के पात्र होंगे।

4. PAET-2011 के आवेदन प्रपत्र का शुल्क :

4.1 PAET-2011 आवेदन प्रपत्र का शुल्क रूपये 700/– है। इस शुल्क में PAET-2011 का परीक्षा शुल्क सम्मिलित है।

4.2 आवेदन प्रपत्र के साथ जमा किया गया परीक्षा शुल्क किसी भी अवस्था न तो वापस लौटाया जायेगा न ही भविष्य में आयोजित की जाने वाली PAET परीक्षा के परीक्षा शुल्क के रूप में समायोजित किया जायेगा।

4.3 अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा PAET–2011 में प्रविष्ठ न होने के लिए यह तर्क देना कि उसे सूचना सही समय पर नहीं मिली थी, मान्य नहीं होगा एवं इस आधार पर शुल्क राशि नहीं लौटाई जाएगी।

5. PAET-2011 का आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :

5.1 अभ्यर्थी को स्वयं की हस्तलिपि में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र सभी संलग्नकों सहित **समन्वयक, PAET-2011, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, W-6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342032** को रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट के द्वारा प्रेषित करना होगा (कूरियर सेवा से प्रेषित नहीं करें)। आवेदन प्रपत्र के लिफाफे को PAET-2011 कार्यालय के स्वागत कक्ष में रखे हुए बक्से में भी डाला जा सकता है। आवेदन प्रपत्र किसी भी अवस्था में कार्यालय के किसी व्यक्ति को सुपुर्द नहीं करें।

5.2 पूर्णतया भरे हुए आवेदन प्रपत्र **समन्वयक, PAET-2011ए प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, W-6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342032** के कार्यालय में दिनांक 21 मार्च, 2011 सांय 5.00 बजे तक अथवा उससे पूर्व पहुंच जाने चाहिए।

6. PAET-2011 आवेदन प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले संलग्नक :

6.1 पूर्णतया भरा हुआ आवेदन प्रपत्र (ओ.एम.आर. शीट)।

6.2 दसवीं कक्षा की अंकतालिका की राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि।

6.3 आई.टी.आई. अंकतालिका की राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि।

7. PAET-2011 के लिए पंजीकरण :

PAET-2011 कार्यालय द्वारा प्रत्येक आवेदनकर्त्ता को एक पंजीकरण संख्या आंवटित की जाएगी जिसे दिनांक 30.3.2011 से वेबसाईट **http://techedu.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध करवा दिया जाएगा। अभ्यर्थी कार्यालय से सम्पर्क करने के लिए अपनी पंजीकरण संख्या का आवश्यक रूप से उल्लेख करेंगे। अभ्यर्थियों के आवेदन प्रपत्र में रही कमियों (यदि कोई है) को भी इस वेबसाईट पर उपलब्ध करवा दिया जायेगा। अभ्यर्थी को इंगित कमियों को निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप पूर्ण करना होगा अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

8. **PAET-2011 का प्रवेश पत्र :**

PAET-2011 के प्रवेश पत्र अभ्यर्थी को उसके द्वारा **PAET-2011 के आवेदन प्रपत्र में दिए गए पते पर प्रेषित कर दिये जाएगें। समन्वयक को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी समय अभ्यर्थी के परीक्षा में अपात्र पाए जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने के लिए दी गई अनुमति को वापिस ले सकता है।**

यदि किसी अभ्यर्थी को दिनांक 20 अप्रेल 2011 तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है तो उसे रोल नम्बर एवं परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी PAET-2011 की वेबसाईट http://techedu.rajasthan.gov.in से प्राप्त करके वेबसाईट में दिए गए निर्देशों की पालना करनी होगी।

9. **PAET-2011 का प्रारूप :**

PAET-2011 में निम्न तीन विषयों की परीक्षा आयोजित की जायेगी (प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगें)

पेपर का नाम	विषय	प्रश्नों के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अवधि	पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
पेपर 1	Applied Mathematics	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40
पेपर 2	Computer & Information Technology Fundamentals	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40
पेपर 3	Applied Mechanics	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40

10. **PAET-2011 का कार्यक्रम :**

PAET-2011 निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी

दिनांक	दिवस	समय	पेपर	विषय
23.4.2011	शनिवार	प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक	पेपर 1	Applied Mathematics
23.4.2011	शनिवार	दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक	पेपर 2	Computer & Information Technology Fundamentals
24.4.2011	रविवार	प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक	पेपर 3	Applied Mechanics

11. **PAET-2011 के उत्तीर्णता के मानक :**

11.1 प्रत्येक विषय में न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी PAET-2011 में उत्तीर्ण घोषित किये जायेगें। ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही सत्र 2011–12, 2012–13 व 2013–14 में राज्य सरकार द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हताओं (eligibility) की पूर्ति करने पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन करने के योग्य हो जायेंगे।

11.2 एक, दो अथवा तीनों विषयों में 40 से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी PAET-2011 में अनुत्तीर्ण घोषित किये जायेंगे। यदि ऐसे अभ्यर्थी आगामी वर्ष से पार्श्व प्रवेश योजना के अंतर्गत प्रवेश लेना चाहते हैं तो इन्हें अगले वर्ष में आयोजित होने वाली PAET के तीनों पेपर की परीक्षा देनी होगी। PAET उत्तीर्ण करने के पश्चात् ही अभ्यर्थी राज्य सरकार द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हताओं (eligibility) की पूर्ति करने पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन करने के योग्य होंगे।

नोट : 1. अभ्यर्थियों को PAET-2011 के परीक्षा परिणाम की सूचना समाचार पत्रों/ विभागीय वेबसाईट द्वारा दी जायेगी। सभी अभ्यर्थियों की अंक तालिकाएं उनके द्वारा PAET-2011 आवेदन प्रपत्र में दिये गये पते पर प्रेषित कर दी जायेंगी।

2. **यदि किसी अभ्यर्थी को** PAET-2011 की अंक तालिका परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिन के अन्दर नहीं मिलती है अथवा उसकी मूल अंक तालिका गुम हो जाती है तो वह PAET-2011 कार्यालय से इस आशय के आवेदन के साथ समन्वयक PAET-2011 के नाम जोधपुर में भुगतान योग्य 50 रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत कर डुप्लीकेट अंक तालिका प्राप्त कर सकता है।

12. अनुचित साधन :

चेतावनी : *राजस्थान सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम हेतु राज्य सरकार ने गजट अधिसूचना दिनांक 11/11/1992 के तहत एक्ट 1992 (अनुचित साधनों की रोकथाम) जारी किया है। इस एक्ट के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को अपराध माना गया है। इसी क्रम में सभी परीक्षार्थियों को यह चेतावनी दी जाती है कि **PAET-2011** में अनुचित साधानों का उपयोग करने पर परिक्षार्थियों को अधिकतम 3 वर्ष तक की कारावास या रूपये 2000/– मात्र की सजा अथवा दोनों हो सकती है।*

12.1 निम्नलिखित कृत्य अनुचित साधन का उपयोग मानें जाएगें –

12.1.1 प्रश्न पत्र पुस्तिका अथवा/और उत्तर पत्रक के किसी भाग का फाड़े जाना।

12.1.2 परीक्षार्थी द्वारा प्रश्न पत्र के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त करने का प्रयत्न करना अथवा परीक्षा कक्ष में अन्य परीक्षार्थियों से संवाद स्थापित करना।

12.1.3 परीक्षार्थी द्वारा अंक प्राप्त करने हेतु परीक्षा कार्य से सम्बन्धित किसी कर्मचारी/ अधिकारी को प्रभावित करने के लिए संवाद स्थापित करना।

12.1.4 परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व प्राप्तांकों के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त करने हेतु परीक्षा कार्य से सम्बन्धित किसी कर्मचारी/ अधिकारी से संवाद स्थापित करना।

12.1.5 परीक्षार्थी का ऐसा कोई कृत्य जो वीक्षक की राय में परीक्षार्थी को परीक्षा में अनुचित लाभ प्रदान कर सकता है।

12.1.6 वीक्षकों द्वारा अनुचित साधनों की तलाशी के लिए परीक्षार्थी द्वारा मना अथवा विरोध करना।

12.1.7 परीक्षा के मध्य में उत्तर पत्रक/प्रश्न पत्र परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाने का प्रयत्न करना।

12.1.8 परीक्षा के अन्त में मुख्य उत्तर पत्रक अथवा प्रश्न पत्र पुस्तिका अपने साथ ले जाना/ ले जाने का प्रयत्न करना।

12.2 अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाये जाने पर परीक्षार्थी को निम्नानुसार सजा दी जा सकती है –

12.2.1 किसी पेपर में परीक्षार्थी के पास परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री पाई जाने पर उसकी समस्त PAET-2011 निरस्त कर दी जाएगी।

12.2.2 परीक्षार्थी के पास उस दिन होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री पाये जाने एवं उसका उपयोग करते हुए अथवा उपयोग करने का प्रयत्न करते हुए पाये जाने पर उसकी समस्त PAET-2011 निरस्त कर दी जाएगी एवं उसे आगामी प्रवेश पूर्व योग्यता परीक्षा **(PAET - 2011)** से वंचित कर दिया जाएगा।

12.2.3 परीक्षार्थी के पास उस दिन होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री पाये जाने एवं उसे नष्ट करने का प्रयत्न करने पर उसकी **PAET-2011** के समस्त विषयों की परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी एवं उसे हमेशा के लिए PAET में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा।

12.2.4 किसी परीक्षार्थी के विरूद्ध अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाये जाने की शिकायत दर्ज होने पर सम्पूर्ण प्रकरण समन्वयक द्वारा नियुक्त अनुचित साधन समिति के समक्ष उचित निणयार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। परीक्षार्थी को समिति द्वारा रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। परीक्षार्थी को अपनी सफाई प्रस्तुत करने हेतु 11 दिन का समय दिया जाएगा। परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित अंतराल में प्रस्तुत जवाब को अनुचित साधन समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा एवं तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी। समन्वयक, PAET-2011 का निर्णय अंतिम होगा।

13. पुर्नमूल्यांकन :

उत्तर पत्रकों के पुर्नमूल्यांकन हेतु अभ्यर्थी को एक सादे कागज पर अपना रोल नम्बर, नाम, विषय एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी प्रस्तुत करते हुए समन्वयक, PAET-2011 के समक्ष परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी होने (PAET-2011 नोटिस बोर्ड/ वेबसाईट पर) के 10 दिवस के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ जोधपुर में भुगतान

योग्य एवं समन्वयक, PAET-2011 के नाम से बनाया गया 100 रूपये प्रति विषय का बैंक डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक होगा। उत्तर पत्रक किसी भी न्यायालय (सिविल अथवा अपराधिक) अभ्यर्थी अथवा उसके प्रतिनिधि अथवा/एवं किसी भी आन्तरिक एवं बाह्य प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं की जा सकेगी। अभ्यर्थियों की उत्तर पत्रक PAET-2011 परिणाम घोषित होने के तीन महीने तक सुरक्षित रखी जाएगी।

14. PAET-2011 अंक तालिका की वैधता :

PAET-2011 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समस्त अर्हताओं की पूर्ति करने पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे।

15. PAET-2011 आयोजन के शहर :

PAET-2011 निम्नलिखित शहरों में आयोजित किया जाएगा –

शहर का नाम	शहर का कोड नम्बर
अजमेर	01
अलवर	02
भरतपुर	03
बीकानेर	04
चित्तौड़गढ़	05
जयपुर	06
जोधपुर	07
कोटा	08
सिरोही	09
उदयपुर	10
श्रीगंगानगर	11

नोट :

1. आवश्यकतानुसार परीक्षा आयोजन हेतु उपरोक्त निर्धारित शहरों की संख्या घटाई जा सकती है।
2. परीक्षा आवेदन प्रपत्र में अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा केन्द्र हेतु प्राथमिकता अनुसार शहर का विकल्प एवं कोड नम्बर दिया जाएगा, परन्तु परीक्षा केन्द्र एवं शहर का आंवटन समन्वयक, PAET-2011 द्वारा किया जाएगा। एक बार परीक्षा केन्द्र आंवटित हो जाने पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तित करने हेतु आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

16. PAET-2011 के लिए नोडल सेन्टर :

PAET-2011 से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में PAET-2011 के लिए नोडल सेन्टर स्थापित किये गये हैं।

क्र.स.	पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का नाम
1	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अजमेर
2	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अलवर
3	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, भरतपुर
4	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर
5	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़
6	राजकीय खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर
7	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर
8	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, कोटा
9	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सिरोही
10	विद्या भवन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उदयपुर
11	राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, श्रीगंगानगर

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा निर्देश

1. परीक्षा कक्ष के द्वार प्रथम दिवस के प्रथम सत्र के लिए 9.30 बजे एवं अन्य दिवसों एवं सत्रों के लिए निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व खोले जाएगें। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पश्चात् परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
2. प्रत्येक परीक्षार्थी को रोल नम्बर अंकित की गई सीट आंवटित की जाएगी। परीक्षार्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए की वह सही सीट पर बैठा है। आंवटित सीट के अतिरिक्त अन्य किसी परीक्षार्थी की सीट पर बैठे पाये जाने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा एवं उसे दिए गए दण्ड को स्वीकार करना होगा।
3. प्रश्नों का उत्तर देने हेतु परीक्षार्थी को अपना स्वयं का काला बॉल पाइंट पेन लाना होगा। परीक्षा कक्ष में मोबाईल अथवा अन्य आपत्ति जनक सामग्री लाने की अनुमति नहीं है। साइंटिफिक केल्कुलेटर लाया जा सकता है।
4. परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पुस्तिका में दिए गए समस्त निर्देशों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिए। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में वीक्षक अथवा केन्द्र अधीक्षक द्वारा जारी किये गये समस्त निर्देशों का पालन करने हेतु बाध्य होंगे।
5. परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पुस्तिका वितरित होने के 10 मिनट के अन्दर यह सुनिश्चित कर ले कि प्रश्न पत्र पुस्तिका में समस्त पृष्ठ हैं एवं कोई भी पृष्ठ फटा हुआ अथवा कम नहीं है।
6. परीक्षार्थी की प्रश्न पत्र पुस्तिका खराब अथवा अपूर्ण होने की अवस्था में उसी सिरीज की प्रश्न पत्र की पुस्तिका से बदल दी जाएगी।
7. प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में नियत स्थान पर काले बॉल पेन द्वारा समस्त प्रविष्ठियां कर लेनी चाहिए।
8. परीक्षार्थी द्वारा उत्तर पत्रक में किसी भी जगह अपना नाम अथवा ऐसा कोई निशान जो उसकी पहचान प्रकट कर सकता हो को अंकित करना निषिद्ध है। इस नियम की पालना न करने पर समन्वयक, PAET-2011 को सूचना कर दी जावेगी एवं परीक्षार्थी को नियमानुसार अनुचित साधनों के उपयोग की सजा मिलेगी।
9. परीक्षार्थी उत्तर पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न के सामने उचित गोले को बॉल पाइन्ट पेन से काला करके प्रश्नों का उत्तर अंकित करेंगे। किसी प्रश्न के सामने के गोलो में से कोई भी गोला काला नहीं होने की स्थिति में वह प्रश्न मूल्यांकित नहीं किया जायेगा।
10. परीक्षार्थी के ऐसे कृत्य जो वीक्षक की निगाह में परीक्षार्थी एवं/अथवा अन्य परीक्षार्थी को लाभ दे सकता हो तो उसे केन्द्र अधीक्षक द्वारा उस दिन की परीक्षा से निलम्बित कर दिया जाएगा। वीक्षक ऐसे किसी कृत्य की सूचना समस्त तथ्यों सहित केन्द्र अधीक्षक को देगें एवं केन्द्र अधीक्षक पूरे प्रकरण की रिपोर्ट समन्वयक PAET-2011 को प्रेषित करेंगे।
11. (1) परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अपने साथ कोई आपत्ति जनक सामग्री (पुस्तकें, नोट्स, मोबाईल फोन, प्रोग्रामेबल केल्कुलेटर) नहीं लेकर आयेंगे। वीक्षक एवं परीक्षा के लिए नियुक्त कर्मचारी परीक्षार्थी की तलाशी लेने के लिए अधिकृत हैं। परीक्षार्थी द्वारा तलाशी के लिए विरोध करने पर यह माना जाएगा कि उसके पास कोई आपत्ति जनक सामग्री है।

    (2) किसी भी परीक्षार्थी के पास आपत्ति जनक सामग्री बरामद होने अथवा उसके द्वारा तलाशी का विरोध करने पर उसे नियमानुसार अनुचित साधनों का उपयोग करने से सम्बन्धित सजा दी जाएगी।
12. परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी वीक्षक की अनुमति के बिना परीक्षा के बीच में अपनी सीट नहीं छोड़ेगा। कोई भी परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं मुख्य उत्तर पत्रक वीक्षक को दिए बिना परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ेगा।
13. मूल प्रवेश पत्र खो जाने की अवस्था में परीक्षार्थी डुप्लीकेट प्रवेश पत्र वेबसाईट http://techedu.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।
14. उत्तर पत्रक को मोड़ना अथवा उस पर पिन लगाना निषिद्ध है।

परीक्षा पद्धति

1. आई.टी.आई. प्रमाणपत्र धारकों के लिए आयोजित होने वाले **PAET-2011** में निम्न लिखित पेपर (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में) होंगे।

पेपर का नाम	विषय	प्रश्नों के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अवधि	पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
पेपर 1	Applied Mathematics	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40
पेपर 2	Computer & Information Technology Fundamentals	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40
पेपर 3	Applied Mechanics	बहुनिष्ठ विकल्प प्रश्न	60	2 घन्टे	120	40

2. परीक्षार्थियों को प्रश्नों के उत्तर देने के लिए स्वः कार्बन युक्त रसायनिक उपचारित दोहरी प्रति उत्तर पत्रक दिया जाएगा। परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर रफ कार्य नहीं करेंगे। रफ कार्य प्रश्न पत्र पुस्तिका पर किया जाएगा। परीक्षार्थी का उत्तर देने के लिए सम्बन्धित प्रश्न के सामने उचित गोले को काले बॉल पेन से काला करेंगे। अनुत्तरित प्रश्नो के सामने के गोले खाली छोड़ दिए जाएगें।

अंकन का सही एवं गलत तरीका

गलत तरीका | **सही तरीका**



3. परीक्षार्थी उत्तर पत्रक की द्वितीय (कार्बन) कॉपी अपने साथ ले जा सकते हैं। परीक्षार्थी दिए गए उत्तरों की जांच उत्तर कुंजी से मिलान करके कर सकते हैं जो कि **PAET-2011** का परिणाम घोषित होने के पश्चात् **PAET-2011** कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेब साईट पर चस्पा कर दी जायेगी। परीक्षार्थी, प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं मुख्य उत्तर पत्रक वीक्षक को देने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगे।
4. सभी सही उत्तरों के लिए दो (2) अंक दिए जाएगें। गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी।

नोट : अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम के विस्तृत विवरण (Detailed Syllabus) का सावधानी पूर्वक अवलोकन करते हुए तदनुसार परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

DETAILED SYLABUS

PAPER-1
APPLIED MATHEMATICS

1. 1.1 **Introduction to Different Types of Expansion:**
   - 1.1.1 Factorial Notation
   - 1.1.2 Meaning of C(n, r), P(n, r)
   - 1.1.3 Binomial Theorem for Positive Index, any Index
   - 1.1.4 Exponential Theorem
   - 1.1.5 Logarithm Theorem

   1.2 **Complex Number:**
   - 1.2.1 Definition of Complex Number
   - 1.2.2 Operations on Complex Number (Add., Sub., Multiplication, Division)
   - 1.2.3 Conjugate Complex Number
   - 1.2.4 Modulus and Amplitude of a Complex Number
   - 1.2.5 Polar form of a Complex Number

2. **Trigonometry:**
   - 2.1 Allied Angle (sin (180±A), sin (90±A) etc.,
   - 2.2 Sum and Difference Formula (without proof) and their Application
   - 2.3 Product Formula and C-D Formula
   - 2.4 T-Ratios of Multiple and Sub-Multiple Angles (2A, 3A, A/2)
   - 2.5 Solution of Trigonometric Equations: sin X = 0, tan X = 0, cos X = 0, sin X=A, cos X =A & tan x = A

3. **Matrices and Determinants:**
   - 3.1 Definition and Properties of Determinants
   - 3.2 Definition and Types of Matrix
   - 3.3 Transpose of a Matrix, Symmetric, Skew Symmetric Matrices, Orthogonal matrices, Hermitian and Skew Hermitian
   - 3.4 Minors and Cofactors
   - 3.5 Adjoint and Inverse of a Matrix
   - 3.6 Cramer's Rule
   - 3.7 Solution of Simultaneous Linear Equations by Inverse Matrix Method.
   - 3.8 Characteristic Matrix, Characteristic Equation, Eigen Values & Vectors, Cayley Hamilton Theorem (verification only)

4. **Numerical Integration:**
   - 4.1 Trapezoidal Rule
   - 4.2 Simpson's 1/3 Rule
   - 4.3 Simpson's 3/8 Rule
   - 4.4 Newton - Raphson Rule

5. **Two Dimensional Coordinate Geometry:**
   - 5.1 General Introduction
   - 5.2 Distance Formula and Ratio Formula
   - 5.3 Co-ordinate of Centroid, In-Centre, Ortho-Centre and Ex-Centre of a Triangle
   - 5.4 Area of Triangle
   - 5.5 Straight Line, Slope form, Intercept form, Perpendicular form, One Point Slope form, Two Point form & General form
   - 5.6 Angle between Two Lines
   - 5.7 Perpendicular Distance of a Line from a Point

6. **Conic:**

   6.1 **Circle:**
   - 6.1.1 Definition and Standard Equations
   - 6.1.2 Equations of Tangent and Normal at a Point (Simple problems)

   6.2 **Parabola:**
   - 6.2.1 Definition and Standard Equations
   - 6.2.2 Equations of Tangent and Normal at a Point (Simple problems)

   6.3 **Ellipse and Hyperbola:**
   - 6.3.1 Definition and Standard Equations
   - 6.3.2 Equations of Tangent and Normal at a Point (Simple problems)

7. **Function:**
   - 7.1 Definition of Function
   - 7.2 Range and Domain of Function
   - 7.3 Types of Function
     - 7.3.1 Absolute Value Function
     - 7.3.2 Exponential value Function
     - 7.3.3 Identity Function

7.3.4 Reciprocal Function
7.3.5 Rational and Irrational Function
7.3.6 Increasing and decreasing Function

7.4 Limits
7.4.1 Concept of Limit
7.4.2 L.H.L., R.H.L.
7.4.3 Limit of Standard Functions

$$\lim_{x\to 0}\frac{\sin x}{x},\quad \lim_{x\to 0}\frac{\cos x}{x},\quad \lim_{x\to 0}\frac{\tan x}{x}$$

$$\lim_{x\to a}\frac{x^n-a^n}{x-a},\quad \lim_{x\to 0}\frac{e^x-1}{x},\quad \lim_{x\to 0}\frac{a^x-1}{x}$$

$$\lim_{x\to 0}\frac{\log(1+x)}{x}$$ (Simple problems)

7.5 Concept of Continuity and Differentiability at a Point (simple Problems)

8. Differential Calculus:

8.1 Standard Formulae (Except Hyperbolic Function)
8.1.1 Derivative of Sum, difference, Multiplication and Division of two Functions
8.1.2 Differentiation of Function of a Function
8.1.3 Logarithmic Differentiation
8.1.4 Differentiation of Implicit Functions
8.1.5 Differentiation of Parametric Functions
8.1.6 Differentiation by Trigonometric Transformations
8.1.7 Differentiation of a Function w.r.t. Another Function

8.2 Second Order Derivative

9. Applications of Differential Calculus:

9.1 Geometrical meaning of dy / dx . Tangents and Normals
9.2 Angle of Intersection between two Curves
9.3 Derivative as a Rate Measurer
9.4 Errors and Approximations
9.5 Maxima and Minima of Function with one Variable

10. Integral Calculus:

10.1 General Introduction of Integral Calculus
10.2 Integration of Sum and difference of Functions.
10.3 Integration by Simplification
10.4 Integration by Substitution
10.5 Integration by Parts
10.6 Integration of Rational and Irrational Functions

$$\int\frac{dx}{x^2\pm a^2},\int\frac{dx}{a^2-x^2},\int\frac{dx}{x\sqrt{x^2-a^2}},\int\frac{dx}{x\sqrt{x^2\pm a^2}},\int\frac{dx}{x\sqrt{a^2-x^2}},$$

$$\int\frac{dx}{ax^2+bx+c},\int\frac{dx}{\sqrt{ax^2+bx+c}},\int\sqrt{a^2-x^2}.dx,\int\sqrt{x^2-a^2}.dx$$

Additional standard formulae

$$\int e^{ax}\sin bxdx,\int e^{ax}\cos bx.dx$$

10.7 Integration of Trigonometric Functions

$$\int\sin^m x\cos^n xdx,\int\frac{dx}{a+b\sin x},\int\frac{dx}{a+b\cos x},\int\frac{dx}{a+b\sin^2 x},\int\frac{dx}{a+b\cos^2 x},$$

$$\int\frac{dx}{a\cos^2 x+b\sin^2 x}$$

10.8 Definite Integral and its Properties

11. Differential Equations:

11.1 Definition of differential Equation. Order, Degree and Solution of a differential Equation.
11.2 Solution of a differential Equation of First Order and First Degree using:
11.2.1 Variable Separable Method
11.2.2 Homogenous Form
11.2.3 Reducible to Homogenous Form
11.2.4 Linear differential Equation

11.2.5 Bernoulli's Equation
11.2.6 Exact differential Equation
11.2.7 Substitution Method
11.3 Solution of Linear Differential Equation of Higher order with Constant Coefficients
11.4 Applications of Differential Equations to L-R, L-C, L-C-R Circuits of Standard Forms

12. Vector Algebra:
12.1 Definition, Addition and Subtraction of Vectors
12.2 Scalar and Vector Product of two Vectors
12.3 Scalar Triple Product and Vector Triple Product
12.4 Applications of Vectors in Engineering Problems

* * * * *

PAPER-2
COMPUTER AND INFORMATION TECHNOLOGY FUNDAMENTALS

1. Introduction :
1.1 Computer : An Introduction
1.2 Generation of Computers & Types : PC, PC/XT, PC/AT, Main Frame, Super, Lap Top, Pam Top
1.3 Data Representation
1.3.1 Bit, Nibble, Byte, Word
1.3.2 Number System: Decimal, Binary, Hexadecimal & their Conversions
1.3.3 Arithmetic Operations (Addition, Subtraction using Binary Number System)
1.3.4 1s, 2s Compliment
1.3.5 Coding Technique: BCD, EBCDIC, ASCII
1.4. Idea of:
1.4.1 Hardware
1.4.2 Software
1.4.3 Firmware
1.4.4 Free ware
1.4.5 Human ware
1.5 Computer Languages and Translators:
1.5.1 Machine
1.5.2 Assembly
1.5.3 High Level Language
1.5.4 Scripting Language
1.5.5 Object Oriented Language
1.5.6 Platform Independent Language
1.5.7 Translators: Assembler, Interpreter, Compiler

2. Introduction to Computer:
2.1 Central Processing Unit (CPU)
2.2 Memory Unit
2.3 Input/ Out Devices: Keyboard, Mouse (Optical), Digitizer, Scanner, Web Camera, Monitor (CRT, TFT) , Printers, Plotters, Bar Code Reader
2.4 Secondary Storage Devices: Floppy, Hard Disk, CD, DVD, Flash Drive
2.5 Block Diagram Showing Interconnection of Computer Parts

3. Operating System:
3.1 Definition of Operating System (OS)
3.2 Types of OS
3.2.1 Single user
3.2.2 Multi user
3.2.3 Multi Programming
3.2.4 Time Sharing
3.2.5 Multi Processing,

4. Introduction to Windows XP:
4.1 Introduction to Windows Environment
4.2 Parts of Windows Screen
4.3 Icon, Menu, Start Menu
4.4 Minimising, Maximising, Closing Windows
4.5 Windows Explorer, Recycle Bin, Clipboard, My Computer, My Network Places
4.6 Control Panel: Adding New Hardware and Software, Display, Font, Multimedia, Mouse, International System
4.7 Accessories: Paint, Media Player, Scan disk, System Information

5. Information Concepts and Processing:
5.1 Definition of Data, Information
5.2 Need of Information
5.3 Quality of Information

5.4 Concepts of Data Security, Privacy, Protection
5.5 Computer Virus and their types
5.6 Scanning & Removing Virus

6. Computer and Communication:

6.1 Need of Data Transmission
6.2 Data Transmission Media
6.3 Baud rate and Bandwidth, Digital and Ana log Transmission Serial and Parallel Data Transfer, Protocols, MODEM
6.4 Networking of Computers: LAN, WAN, MAN, Blue tooth
6.6 LAN Topologies: Bus, Star, Ring, Hybrid
6.7 Introduction to Ports: RS232, IEEE 488, PS2, USB, UTP

7. Internet:

7.1 Introduction to Internet
7.2 Bridges, Routers, Switch, Gate way
7.3 www, Web Site, URL
7.4 e-mail, e-Commerce
7.5 Web browsing, Web page
7.6 Introduction to Hyper text & HTML
7.7 Introduction to http & ftp Protocol

8. Information Processing:

8.1. Word processor
- 8.1.1 Introduction to MS-Word
- 8.1.2 Starting MS-Word
- 8.1.3 Special Features of MS-Word
- 8.1.4 Using Help
- 8.1.5 Opening Document, Typing and Editing
- 8.1.6 Copying, Inserting, Moving, Deleting
- 8.1.7 Copying from One Document to Others.
- 8.1.8 Undo, Redo, Spell Check, Find and Replace
- 8.1.9 Formatting
  - 8.1.9.1 Characters and Fonts
  - 8.1.9.2 Spacing
  - 8.1.9.3 Removing Characters Formatting
- 8.1.10 Inserting Symbols
- 8.1.11 Paragraphs.
- 8.1.12 Page Setting
- 8.1.13 Header and Footer
- 8.1.14 Page Breaks
- 8.1.15 Borders and Shading
- 8.1.16 Print Preview and Printing
- 8.1.17 Tables and Columns
- 8.1.18 Mail Merge
- 8.1.19 Auto Text and Auto correct
- 8.1.20 Introduction to Macro

8.2 Electronic Spread Sheet
- 8.2.1 Introduction to MS-Excel
- 8.2.2 Working with Spread Sheet
- 8.2.3 Editing the Worksheet
- 8.2.4 Worksheet Formatting
- 8.2.5 Formula Entering
- 8.2.6 Function Wizard
- 8.2.7 Saving and Printing Work Book
- 8.2.8 Analysis Tools
- 8.2.9 Data Tools
- 8.2.10 Charts
- 8.2.11 Linking Work Sheets
- 8.2.12 Report Wizard
- 8.2.13 Data Base Application
  - 8.2.13.1 Data Base Components
  - 8.2.13.2 Working with Database
  - 8.2.13.3 Creating Excel Database
  - 8.2.13.4 Adding Records using Data Form
  - 8.2.13.5 Deleting Records using Menu Command
  - 8.2.13.6 Deleting Records using Data Form
  - 8.2.13.7 Editing Records
  - 8.2.13.8 Finding Records based on Criteria

9. **Power Point:**
   - 9.1 Introduction to Power Point
   - 9.2 Creating a Presentation/Slide
   - 9.3 Adding Animation in Slide
   - 9.4 Running a Slide Show

* * * * *

PAPER-3
APPLIED MECHANICS

1. **Force :**
   - 1.1 Definition
   - 1.2 Units
   - 1.3 Different Types of Forces.
2. **Coplanar Forces:**
   - 2.1 Resolution of Forces
   - 2.2 Law of Parallelogram of Forces
   - 2.3 Resultant of two or more Forces
   - 2.4 Basic Conditions of Equilibrium
   - 2.5 Lami's Theorem (No Proof)
   - 2.6 Jib Crane
   - 2 .7 Law of Polygon of Forces (Only Statement)
3. **Moment :**
   - 3.1 Definition, Units & Sign Convention
   - 3.2 Principle of Moments
   - 3.3 Application of Equilibrium Conditions for non-concurrent Forces
4. **Application of Principles of Forces & Moments :**
   - 4.1 Levers & their Types.
   - 4.2 Reactions of Simply Supported Beams (Graphical & Analytical Method)
   - 4.3 Steel Yard.
   - 4.4 Lever Safety Valve
   - 4.5 Foundry Crane
5. **Centre of Gravity:**
   - 5.1 Concept
   - 5.2 Centroid
   - 5.3 Calculation of C.G. of Regular Bodies
   - 5.4 Calculation of C.G. of Plain Geometrical Figures
6. **Friction:**
   - 6.1 Types of Friction
   - 6.2 Laws of Friction
   - 6.3 Angle of Friction
   - 6.4 Angle of Repose
   - 6.5 Friction on Horizontal and Inclined Plains
   - 6.6 Application of Laws of Friction Related to Wedge, Ladder and Screw Jack.
7. **Simple Machines:**
   - 7.1 Basic Concepts
   - 7.2 Loss in Friction
   - 7.3 Inclined Plane
   - 7.4 Simple & Differential Wheel and Axle (Neglecting Rope thickness)
   - 7.5 Screw Jack
   - 7.6 Lifting Crabs
   - 7.7 Systems of Pulleys
   - 7.8 Worm and Worm Wheel
8. **Rectilinear Motion:**
   - 8.1 Concept
   - 8.2 Motion under Constant Velocity
   - 8.3 Motion under Constant Acceleration
   - 8.4 Velocity-time graph and its uses
9. **Motion under Gravity:**
   - 9.1 Concept
   - 9.2 Vertical Motion
   - 9.3 Smooth Inclined Plane
10. **Projectiles:**
    - 10.1 Concept
    - 10.2 Range, Maximum Height and Time of Flight

10.3 Equation of Trajectory
10.4 Calculation of Velocity of Projectile at Certain Height and at Certain instant

11. Newton's Laws of Motion :

11.1 Definitions
11.2 Momentum and it's Unit
11.3 Application of Second Law of Motion

12. Impact and Collision :

12.1 Concept
12.2 Impulse and Impulsive Force
12.3 Law of Conservation of Momentum
12.4 Collision between Two Rigid Bodies
12.5 Newton's Experimental Law of Collision, Coefficient of Restitution

13. Circular Motion :

13.1 Concept
13.2 Motion under Constant Velocity
13.3 Motion under Constant Acceleration
13.4 Relationship between Linear Velocity and Angular Velocity
13.5 Centrifugal and Centripetal Forces, their Applications

14. Work, Power and Energy :

14.1 Work Done by a Constant Force
14.2 Work Done by Uniform Variable Force
- 14.2.1 Power
  - 14.2.1.1 Indicated Power.
  - 14.2.1.2 Brake Power.
  - 14.2.1.3 Efficiency
  - 14.2.1.4 Power Required for an Engine on Horizontal and Inclined (smooth and rough) Planes.
- 14.2.2 Energy
  - 14.2.2.1 Potential Energy
  - 14.2.2.2 Kinetic Energy of Rectilinear Motion
  - 14.2.2.3 Kinetic Energy of Circular Motion

******

परिशिष्ठ 1

पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत योग्य आई.टी.आई. प्रमाणपत्र धारकों के प्रवेश के नियम एवं नियमन

1. केवल PAET-2011 उत्तीर्ण करने मात्र से ही पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में चल रहे इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो जाएगा।
   PAET-2011 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी 2011–12, 2012–13 एवं 2013–14 में राज्य सरकार द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हताओं की पूर्ति करने पर ही पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के योग्य होगें।
2. पार्श्व प्रवेश योजना के अन्तर्गत पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में चल रहे इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को राज्य सरकार द्वारा गठित केन्द्रीयकृत प्रवेश समिति के समक्ष निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदन करना होगा। प्रवेश हेतु विज्ञापन केन्द्रीयकृत प्रवेश समिति द्वारा अलग से जारी किया जायेगा।
3. केन्द्रीयकृत प्रवेश समिति प्राप्त आवेदनों के योग्य अभ्यर्थियों की उनके आई.टी.आई. परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर वर्ग वार योग्यता सूची तैयार करेगी एवं उसी योग्यता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को इंजीनियरिंग डिप्लोमा की सम्बन्धित शाखाओं में प्रवेश दिया जायेगा।
4. **प्रवेश योग्यता आधार** : निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी सम्बन्धित वर्ग में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए योग्य होंगे :–
   1. **दसवीं कक्षा उत्तीर्ण** ऐसे अभ्यर्थी जो –
      प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान ,जोधपुर के प्रशासनिक नियन्त्रण वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से परिशिष्ठ–1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में से किसी एक व्यवसाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हों।

      अथवा

      प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान, जोधपुर के प्रशासनिक नियन्त्रण वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों मे सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के अन्तर्गत परिशिष्ठ–1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में किसी एक में बी.बी.बी.टी. में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हों।

      अथवा

      परिशिष्ठ–1 में दी गई सारणी में अंकित व्यवसायों में से किसी एक से सम्बन्धित व्यवसाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र धारक जिनकी परीक्षा प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) राजस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित की गई हो।

   2. अभ्यर्थी ने PAET उत्तीर्ण कर रखी हो।
   3. अभ्यर्थी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अर्हताओं (eligibility) की पूर्ति करते हों।
   4. निम्न इंजीनियरिंग व्यवसायों के आई.टी.आई. प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी इस योजना के अन्तर्गत प्रवेश के योग्य होंगे। विभिन्न व्यवसायों के अभ्यर्थी जिन डिप्लोमा शाखाओं में प्रवेश के योग्य होंगे वे निम्न सारणी में दर्शाये गये हैं –

क्र. सं.	वर्ग	आई.टी.आई. व्यवसाय	व्यवसाय कोड	सम्बन्धित डिप्लोमा शाखाऐं जिनमें प्रवेश दिया जा सकता है ।
1	Civil Engineering	1.Draftsman (Civil)	101	1. Civil Engg. 2.Architecture 3. Civil (Cunsturction) Engg.
		2.Architectural Assistant	102	
		3.Surveyor	103	
		4.Painter (General)	104	
		5.Plumber	105	
		6.Masson (Building Constructor)	106	
2	Mechanical Engineering	1.Tool & Die Maker (PressTools, Jigs & Fixtures)	201	1.Mechanical Engg. 2.Mechanical (Automobile) Engg. 3.Mechanical(R.A.C.)Engg 4.Mechanical(Production) Engg.
		2. Lift Mechanic	202	
		3.Instrument Mechanic	203	
		4. Draftsman (Mechanical)	204	
		5.Mechanic (Motor Vehicle)	205	
		6.Mechanic (Refrigeration & Air Conditioning)	206	
		7. Fitter	207	
		8.Machinist	208	
		9.Mechanic (Diesel)	209	
		10.Turner	210	
		11.Forger & Heat Treater	211	
		12.Pump Operator cum Mechanic	212	
		13.Production & Manufacturing	213	
		14.Fabrication (Fitting & Welding)	214	
		15.Automobile	215	
		16.Pattern Maker	216	
		17.Welder (Gas & Electric)	217	
		18.Carpainter	218	
		19.Sheet Metal Worker	219	
		20.Foundary Man	220	
		21.Mechanic(Tractor)	221	
3	Electrical/Electronics Engineering	1.Electrician	301	1. Electrical Engg. 2. Electronics Engg. 3. Electronics(Fibre Optics) Engg. 4. Instrumentation Engg.
		2.Mechanic (Radio & T.V.)	302	
		3.Electronics Mechanic	303	
		4. Mechanic (Medical Electronics)	304	
		5.Information Technology & Electronic system Maintenance	305	
		6.Electronics	306	
		7.Electrical	307	
		8.Wireman	308	
4	Computer Engineering	1. Information Technology & Electronic system Maintenance	401	1. Computer Science & Eng. 2. Information Technology
		2. Mechanic (Computer Hardware)	402	
		3. Information Technology	403	
		4. Computer Operator & Programming Assistant (COPA)	404	

5	**Chemical Engineering**	1.Plastic Processing Operator	501	1. Chemical Engg. 2. Plastic Technology 3. Chemical (Petro Chemical) Engg.
		2.Chemical	502	
6	**Printing Technology**	1. Hand Compositor	601	1.Printing Technology
		2.Letter Press Machine Minder	602	
		3.Offset Machine Operator cum Book Binder	603	

ओ.एम.आर. आवेदन प्रपत्र भरने के दिशा–निर्देश

1. आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व सूचना पुस्तिका का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें।
2. ओ.एम.आर. शीट पर कोई अवांछित निशान नहीं लगायें।
3. ओ.एम.आर. शीट को मोड़े, फाड़े अथवा गीला नहीं करें एवं किसी प्रकार की पिन नहीं लगावें।
4. ओ.एम.आर. शीट की फोटो कॉपी काम में नहीं लें।
5. चौकड़ी में प्रविष्ठी नीले/काले बॉलपेन से आवश्यकतानुसार अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (Capital Letter)/अंकों में करें।
6. प्रत्येक चौकड़ी के नीचे सम्बन्धित गोले को H.B. पेन्सिल से काला करें।
7. नाम, पिता का नाम एवं माता के नाम में नाम, मध्य नाम एवं सरनेम के मध्य एक एक चौकड़ी खाली छोड़े।
8. नाम एवं जन्म दिनांक सैकण्डरी स्कूल परीक्षा की अंक तालिका/ प्रमाण पत्र के अनुसार भरें।
9. परीक्षा केन्द्र के लिए उपयुक्त विकल्प भरें एवं PAET-2011 शहरों के लिए सूचना पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 5 का बिन्दु संख्या 15 देखें।
10. आई.टी.आई. की जानकारी उपयुक्त चौकड़ी में देवें। व्यवसायों के लिए कोड संख्या सूचना पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 15 पर देखें।
11. अपना 3.5 x 4.5 cm नाम पर नवीनतम फोटो चिपकावें (फोटो पिन से नहीं लगावें) फोटो चिपकाने से पूर्व उस फोटो के पीछे अपना आवेदन प्रपत्र क्रमांक एवं नाम बॉलपेन से लिखें।
12. आवेदन प्रपत्र में उपयुक्त स्थान पर अपने पूर्ण हस्ताक्षर करें।

*****